# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका

## अप्रैल 2024




नगर पालिक निगम भिलाई

# निगम क्षेत्र के तालाबो को भरने नहर नालो की सफाई

भिलाईनगर/तांदुला जलाशय से छोड़े गये पानी को नहर के माध्यम से तालाबो में पहुॅचाने के लिए भिलाई निगम क्षेत्र के नहर नालो की सफाई युद्व स्तर पर किया जा रहा है।

निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम क्षेत्र के तालाबो को भरने के लिए जलाशय से छोड़े जाने वाले पानी बिना कचरे के साफ-सुथरा तालाब में पहुॅचे इसके लिए सभी जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये थे। जोन का अमला युद्व स्तर पर नहर नालो की सफाई में जुटा हुआ हैं स्मृति नगर बोगदा पुलिया से सड़क के समान्तर चलने वाले नहर, खम्हरिया जुनवानी पेट्रोल पम्प के पीछे नहर, घासीदास नगर, खुर्सीपार, हुड़को , सेक्टर 8 सहित सम्पूर्ण निगम क्षेत्र से गुजरने वाले नहर तथा बड़े नाला की सफाई किया जा रहा है। घासीदास नगर के नहर नाली में किये अतिक्रमण हो हटाया भी गया है।

जोन आयुक्त के साथ जोन स्वास्थ्य अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी की संयुक्त टीम सफाई कार्य में लगा है, ताकि सफाई में बाधा बन रहे अतिक्रमण की जाॅच कर तत्काल हटाया जा सके और तालाब तक पानी बिना व्यवधान के पहुॅच सके। तालाबो में पानी भरने से क्षेत्र के भू-जल स्तर में बढ़ोत्तरी के साथ नागरिको के निस्तारी के लिए भी उपयोग में आता है।




नगर पालिक निगम भिलाई

# क्षेत्र में चल रहे सफाई कार्यो का आयुक्त ने किया अवलोकन

भिलाईनगर/तान्दुला जलाशय से छोड़े जाने वाले पानी का तालाब भरन के दौरान बेतरतीब बहकर निचली बस्तीयों में जल जमाव की स्थिति न बने तथा आने वाले बरसात में बरसाती पानी का बहाव की निरंतरता को बनाये रखने के लिए सभी जोन क्षेत्र में नालियो की सफाई वृहद स्तर पर किया जा रहा है जिसका आयुक्त स्थल अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दे रहे है।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम के अधिकारी कर्मचारियो को समीक्षा बैठक में निर्देश दिये थे, कि 2 से 4 फिट चौड़े नाली तथा नालो की सफाई जे.सी.बी. का उपयोग कर गहराई से किया जाये। इसी तारतम्य में जोन-1 के स्मृति नगर, खम्हरिया, परियापारा, नेहरू नगर, संजय नगर, सुपेला, लक्ष्मीनगर, गदा चौक, जोन-2 के राजीव नगर, वैशालीनगर, शांति नगर, घासीदास नगर, कुरूद, गौरवपथ, पाॅच रास्ता, सुपेला क्षेत्र, जोन-3 के शारदा पारा, नंदनी रोड, मदर टेरेसा नगर, बैकुण्ठधाम, सूर्यानगर, लिंक रोड, पावर हाउस, रविदास नगर, अर्जुन नगर, जोन-4 के खुर्सीपार, चंद्रशेखर आजाद नगर, बापू नगर, डबरा पारा, औद्योगिक क्षेत्र, छावनी एवं जोन-5 के हुड़को आदि क्षेत्रो के नाली एवं नालो का बरसात पूर्व सघन सफाई अभियान चलाया जा रहा है। ताकि बरसाती पानी अथवा तालाब भरन के दौरान बेतरतीब बहने वाले पानी का जल जमाव न हो साथ ही आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा घनी आबादी क्षेत्र में मच्छर के रोकथाम के लिए मेलाथियान का छिड़काव किया जा रहा है। गढ़ढे में जमे पानी पर जला आईल का छिड़काव भी किया जा रहा है।

नागरिको को शुद्व पेयजल मिले इसके लिए सभी जोन क्षेत्र के 25-25 अलग स्थानो से पानी का नमूना लेकर जाॅच किया जा रहा है । घर-घर क्लोरिन टेबलेट का वितरण भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का अमला डोर-टू-डोर सर्वे कर यह सुनिश्चित कर रहे है कि डायरिया, पीलिया जैसे जल जनित बिमारी से कोई पिड़ित तो नहीं है, जाॅच में दुषित जल पाये जाने वाले क्षेत्र के पेयजल स्त्रोत का तत्काल उपाय किया जा रहा है। आयुक्त श्री ध्रुव प्रातः क्षेत्र भ्रमण कर कार्य का लगातार मानिटरिंग कर रहे है वे एस.एल.आर.एम. सेंटर में चल रहे कचरा पृथ्थकीकरण का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश भी दे रहे है।




## नगर पालिक निगम भिलाई

# मतदाता जागरूकता में सम्मानित हुए नवविवाहिता वधु, वरिष्ठ नागरिक एवं युवा

भिलाईनगर/लोकसभा निर्वाचन 2024 में लोगो के शत्-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने तथा मतदान करवाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत भिलाई नगर निगम सीमा क्षेत्र के विधानसभा क्रमांक 65 भिलाईनगर के 16 स्थानो में नवविवाहता वधु, युवा मतदाता एवं वरिष्ठ नागरिको का सम्मान किया गया।

विधानसभा 65 भिलाईनगर के सहायक रिर्टर्निग आफिसर एवं डिप्टी कलेक्टर योगिता देवांगन, भिलाई नगर के तहसीलदार पंचभाई गुरूदत्त ने वरिष्ठ नागरिको, नवविवाहता वधु का तिलक लगाकर सम्मान किया एवं आने वाले लोकसभा चुनाव में स्वयं के मतदान के साथ लोगो को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया।



# मतदान केन्द्र की व्यवस्था दुरूस्त हो-आयुक्त ध्रुव

भिलाईनगर/लोकसभा निर्वाचन 2024 में नागरिक सुविधाजनक रूप से अपने मताधिकार का उपयोग कर सके इस हेतु नगर पालिक निगम के सीमा क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाईनगर एवं 66 वैशालीनगर के 425 मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने आयुक्त ने निर्देश दिए।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने जोनवार बैठक लेकर विकास कार्यो तथा लंबित आवेदनो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को होने वाले मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार भिलाईनगर विधानसभा के 169 तथा वैशालीनगर विधानसभा के 256 मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था पानी, बिजली, सफाई,शौचालय की जाँच कर लेवें । मतदान केन्द्रों में दिव्यांग मतदाता के लिए बनाये गये रैम्प तथा रेलिंग सही हो निर्धारित मापदंड के अनुरूप बना हो। वरिष्ठ मतदाता के लिए छाँव तथा बैठने की व्यवस्था हो । आयुक्त ने कहा कि मतदान दल के लिए पंखा, कुलर,प्रकाश तथा पीने व निस्तारी पानी की पर्याप्त व्यवस्था केन्द्रों में रहे यह सुनिश्चित कर रखेंगे। सभी केन्द्र प्रभारी भ्रमण कर अपना रिपोर्ट देंगे।

आयुक्त श्री ध्रुव समीक्षा बैठक की नवीन व्यवस्था के तहत जोन कार्यालय में स्वयं उपस्थित रह कर प्रत्येक जोन के कार्यों का अलग अलग समीक्षा कर रहे है। बैठक में जोन आयुक्त, अधीक्षण अभियंता,भवन अधिकारी, सहायक अभियंता, उपअभियंता,जोन स्वास्थ अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी सहित जोन के अन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।



नगर पालिक निगम भिलाई

# नाली जाम करने वालो से निगम ने वसूला जुर्माना

भिलाईनगर/निगम क्षेत्र के नाली को जाम करने वालो के विरूद्व कार्यवाही कर स्वास्थ्य अमले ने 14 हजार रूपया अर्थदण्ड के रूप में वसूल किया, ताकि बरसात के दिनो में वर्षा जल जमा न हो इसे ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा सम्पूर्ण क्षेत्र के छोटे बड़े नालियों की सफाई किया जा रहा है। नाली के उपर सामान रखकर अवैध निर्माण करने अथवा कचरा डाल कर चोक करने वालो के खिलाफ अर्थदण्ड की कार्यवाही भी किया जा रहा है। आयुक्त क्षेत्र भ्रमण कर सफाई कार्य का मानिटरिंग कर रहे है।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर सभी जोन आयुक्त प्रातः मैदानी क्षेत्रो में उतर कर सफाई कार्य करवा रहे हैं। सोमवार को जोन-2 के जोन आयुक्त येशा लहरे अपनी सफाई टीम के साथ वृन्दानगर गौरव पथ पहुंची तो रजनी टाइल्स दुकान के मालिक ने नाली के उपर विक्रय सामग्री रखा था, जिससे नाली के सफाई में बाधा बन रहा था, उनसे अर्थदण्ड के रूप मे दो हजार रूपये वसूला गया। उसी प्रकार सुपेला माया यादव से 5 हजार, कैलाश नगर में मिन्टू सिंह से 5 हजार तथा अशोक कुमार से 2 हजार रूपये इस प्रकार 14 हजार रूपया अर्थदण्ड के रूप में वसूल किया गया।

बता दे कि जोन का स्वास्थ्य अमला लगातार क्षेत्र भ्रमण कर नाली में बाधा उत्पन्न करने वाले लोगो को समझाईस देकर उन्हे अवैध निर्माण तथा बिडिंग मटेरियल को हटाने के लिए समय दिया गया था, किन्तु दुबारा जाॅच में स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं आने पर नाली को जाम करने वालो के विरूद्व जुर्माना वसूली की कार्यवाही की है। आयुक्त के निर्देश पर सभी जोन क्षेत्रो में नालियो की आकार को ध्यान में रखकर आवश्यकतानुसार जे.सीबी. मशीन से तथा कामगार लगाकर नालियो की गहराई से सफाई कार्य किया जा रहा है।




नगर पालिक निगम भिलाई

# अवैध प्लाटिंग पर निगम ने की कार्यवाही

भिलाईनगर/ग्राम कुरूद में चन्दुलाल चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज रोड़ में तीन खसरे के 7 एकड़ भूमि पर किये जा रहे अवैध प्लाटिंग पर निगम प्रशासन की टीम ने कार्यवाही कर मार्ग संरचना को ध्वस्त कर भूमि को मूल स्वरूप प्रदान किया।

भिलाई निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर जोन-2 के राजस्व अमला तथा भवन शाखा की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए ग्राम कुरूद के मेडिकल कॉलेज के पास 7 एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग के लिए बनाये गये मार्ग संरचना को जे.सी.बी. से खोद कर ध्वस्त किया गया, वही गढ़ाए गये पोल को उखाड़ा गया। निगम को शिकायत प्राप्त हुआ था कि मेडिकल कॉलेज के पास ग्राम कुरूद के खसरा नं. 172/1 एवं 2 के 1 एकड़ तथा खसरा नं. 47/1 के 6 एकड़ लगानी भूमि में बिना अनुमति के प्लाटिंग किया जा रहा है। सूचना पर आयुक्त ने भवन शाखा तथा जोन-2 को कार्यवाही के निर्देश दिये थे। संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और वहां मुरूम डालकर बनाये गये मार्ग संरचना तथा लगाये गये पोल को जे.सी.बी. से उखाड़ कर मुरूम सड़क को ध्वस्त किया गया। कार्यवाही में जोन आयुक्त येशा लहरे, सहायक राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, भवन शाखा के उपअभियंता शहबाज अहमद, तोड़ फोड़ दस्ता के अधिकारी कर्मचारी शामिल थे।

लोकसभा चुनाव के प्रभावशील आदर्श आचार संहिता के आड़ में कुछ लोग अवैध प्लाटिंग तथा अवैध कब्जे की कोशिश में लगे हुए है। जिस पर निगरानी रख शक्ति से कार्यवाही के निर्देश आयुक्त ध्रुव ने अधिकारियों को दिए हैं।



नगर पालिक निगम भिलाई

# फ्रेंडली फुटबॉल मैंच खेल कर दिए मतदान अवश्य करने का संदेश

भिलाईनगर/जिलाधीश ॠचा प्रकाश चौधरी ने फुटबॉल पर किक मार कर सेक्टर 2 फुटबॉल मैदान में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत खेले गए फ्रेंडली फुटबॉल मैच का शुभारंभ किये। रोमांचक मैच में आईजी, एसपी, भिलाई व दुर्ग निगम आयुक्त, जिला पंचायत सीईओ को मैदान में सधे हुए खिलाड़ियों की तरह खेलता देख दर्शको ने तालिया से उनका उत्साह वर्धन करते रहे । मैच के समाप्ति पर कलेक्टर ने टीम के कप्तान तथा सदस्यों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया ।

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं नगर निगम भिलाई के सहयोग से सेक्टर 2 राजेश पटेल स्मृति फुटबॉल मैदान में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत एक दिवसीय फ्रेंडली फुटबॉल मैच मतदान के नाम खेला गया। मैच का शुभारंभ कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने फुटबॉल पर किक मार कर किए। इसके पूर्व उन्होंने मैदान के बीच में कतार में खड़े भिलाई निगम अधिकारी इलेवन एवं जिला प्रशासन अधिकारी इलेवन के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस किए । 20 मिनट तक मैदान में फुटबॉल लेकर दोनों टीम एक दूसरे को छकाते रहे और पहला गोल जिला प्रशासन की टीम ने किया तो मैदान के चारों ओर बैठे दर्शकों ने तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहर्वधन किए ।

मैच में आईजी रामगोपाल गर्ग, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, आयुक्त निगम भिलाई देवेश कुमार ध्रुव, जिला पंचायत सीईओ अश्वनी कुमार देवांगन, दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी मैदान में जिस तरह से खेल रहे थे उसे देख कर दर्शक दिर्धा में बैठे अधिकारी कर्मचारी तथा नागरिको ने प्रशंसा में ताली बजा कर खिलाडि़यों को प्रोत्साहित किये । दूसरा मैच बीएमवाय चरौदा एवं अधिकारी इलेवन के बीच खेला गया।



**Editorial Board**

श्री देवेश कुमार ध्रुव
भा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री शरद दुबे
प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई